CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 229 ▫ रायपुर, शुक्रवार 12 सितम्बर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## भीषण सड़क हादसा : दो कारों में आमने-सामने की भिड़ंत, जिंदा जलकर 2 युवकों की मौत





### कोड़ेनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किलेपाल के पास हुआ हादसा

**जगदलपुर,** 12 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में रफ्तार का कहर देखने को मिला है. कोड़ेनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किलेपाल के पास गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. देर रात करीब 1 बजे बोलेरो और कार की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हुई. दर्दनाक हादसे में दो युवकों की जिंदा जलकर मौत हो गई. दोनों कारें जलकर खाक हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार-शुक्रवार की देर रात करीब 1 बजे बोलेरो और कार की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हुई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गए. हादसे के दौरान कार में सवार तीन युवक मौजूद थे. जिनमें से केवल एक ही समय रहते बाहर निकल पाया, लेकिन अन्य दो युवक आग से घिरे वाहन में फंसे रह गए और जिंदा जलकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के साथ बचाव कार्य शुरू किया. फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## 15वें उपराष्ट्रपति बने सीपी राधाकृष्णन



**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (न्यूज चैनल)। चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। लाल कुर्ता पहने राधाकृष्णन ने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी में शपथ ली। राधाकृष्णन ने मंगलवार को संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर उपराष्ट्रपति चुनाव जीता था। इस दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी नजर आए। 21 जुलाई के बाद पहली बार यानी 52 दिन के बाद सार्वजनिक रूप से नजर आए हैं।

### धनखड़ हुए शामिल

तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों से अचानक इस्तीफा देने के कारण यह चुनाव हुआ था। धनखड़ भी इस समारोह में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद यह उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी। कार्यक्रम में धनखड़ सीपी राधाकृष्णन के करीब अतिथियों वाली पहली पंक्ति में बैठे थे। इस दौरान वे हंसते मुस्कुराते और ताली बजाते हुए दिखाई दिए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और वेंकैया नायडू भी समारोह में मौजूद थे।

## ब्रेकिंग न्यूज

### दिल्ली हाईकोर्ट में बम की धमकी वाला ईमेल आया, मचा हड़कंप

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली हाईकोर्ट में शुक्रवार को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली है। ई-मेल मिलते ही कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। एहतियातन हाईकोर्ट परिसर को खाली कराया गया है। सूचना पर आनन-फानन पुलिस और जांच एजेंसियां पहुंच गई हैं।

### अयोध्या पहुंचे मॉरीशस के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया स्वागत



**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी के बाद मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र राम गुलाम अयोध्या पहुंचे। जहां महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। उनके साथ परिवार के सदस्य, मॉरीशस प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट के मंत्री भी मौजूद हैं। प्रधानमंत्री सभी के साथ प्रभु श्रीराम का दर्शन-पूजन करेंगे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत पारंपरिक रेड कार्पेट शैली में किया गया। डॉ. गुलाम दूसरे विदेशी पीएम हैं, जो अयोध्या आकर रामलला का पूजन कर रहे हैं। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने पहले ही उनके आगमन का कार्यक्रम जारी कर दिया था। राम मंदिर में प्रधानमंत्री करीब डेढ़ घंटे रुकेंगे। इस दौरान वह रामलला और राजाराम का पूजन करेंगे। साथ ही मंदिर निर्माण कार्य का अवलोकन करेंगे और राम जन्मभूमि परिसर स्थित जटायु व अंगद टीले पर पहुंचकर शिव का जलाभिषेक भी करेंगे।

### काठमांडू में भारतीय महिला की मौत, शव भारत पहुंचा

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (न्यूज चैनल)। नेपाल की धार्मिक यात्रा गाजियाबाद के एक परिवार के लिए त्रासदी में बदल गई, जब दंगाइयों ने काठमांडू में एक लक्जरी होटल में आग लगा दी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि दर्जनों भारतीय पर्यटक अभी भी फंसे हुए हैं। रामवीर सिंह गोला (58) और उनकी पत्नी राजेश देवी (55) 7 सितंबर को पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन के लिए काठमांडू गए थे। लेकिन 9 सितंबर की रात हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान उनके पांच सितारा होटल में आग लगा दी गई।

## पूर्व मंत्री लखमा की जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज

### कांकेर सांसद की चुनाव याचिका के खिलाफ आपत्तियां खारिज



**रायपुर/ बिलासपुर,** 12 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की जमानत याचिका खारिज कर दी है, कोर्ट ने कहा कि उन पर लगे आरोप गंभीर आर्थिक अपराध से जुड़े हैं और जांच अभी जारी है. यदि उन्हें जमानत दी जाती है तो सबूतों से छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका है. लखमा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 जनवरी 2025 को गिरफ्तार किया था. वर्तमान में वे रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं.



ईडी का आरोप है कि 2019 से 2023 तक उन्होंने एफएल-10ए लाइसेंस नीति लागू की, जिससे अवैध शराब व्यापार को बढ़ावा मिला. जांच एजेंसी का दावा है कि शराब सिंडिकेट से उन्हें हर महीने करीब दो करोड़ रुपए मिलते थे और इस तरह कुल 72 करोड़ की अवैध कमाई हुई.

लखमा ने कोर्ट में कहा कि मामला राजनीतिक साजिश का हिस्सा है. आरोप सह-अभियुक्तों के बयानों पर आधारित हैं, कोई ठोस सबूत नहीं है. उन्होंने यह भी तर्क दिया कि जांच पूरी हो चुकी है और चार्जशीट दाखिल हो गई है. सह अभियुक्तों अरुणपति त्रिपाठी, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, अनिल टुटेजा और अरविंद सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है, इसलिए उन्हें भी राहत मिलनी चाहिए. ईडी ने जमानत का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि लखमा की इस मामले में प्रमुख भूमिका रही है. उनकी रिहाई से जांच प्रभावित हो सकती है, हाईकोर्ट ने इस तर्क से सहमति जताते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी.

### अब निजी और सहायता प्राप्त स्कूलों पर भी लागू होगा ईएसआई एक्ट

राज्य के निजी, सहायता प्राप्त और आंशिक सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों पर भी कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (ईएसआई एक्ट) लागू होगा. यह फैसला छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने प्रदेश के विभिन्न स्कूलों द्वारा ईएसआई अंशदान से बचने के लिए दायर याचिकाओं को खारिज करते हुए दिया है. स्कूलों की ओर से दायर याचिका पर जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई, जिसमें आए फैसले के बाद अब प्रदेश के 8 हजार से अधिक स्कूलों को ईएसआई एक्ट का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा. दरअसल, राज्य सरकार ने 27 अक्टूबर 2005 को एक अधिसूचना जारी कर शिक्षा संस्थानों को भी ईएसआई एक्ट के दायरे में लाने का फैसला किया था. इसके तहत जिन स्कूलों में 20 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, उन्हें 1 अप्रैल 2006 से इस अधिनियम के तहत अंशदान देना अनिवार्य किया गया था. कई स्कूलों ने इसे चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की थीं. लेकिन अब कोर्ट के फैसले के बाद इन याचिकाओं को निरस्त कर दिया गया है, और सभी संबंधित संस्थानों को ईएसआई में पंजीकरण और अंशदान देना होगा.

इधर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने कांकेर संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित सांसद भोजराज नाग की ओर से दायर उस अंतरिम आवेदन को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने चुनाव याचिका को प्रथम दृष्टया निरस्त करने की मांग की थी. न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास ने 11 सितंबर को आदेश सुनाते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना में हुई कथित अनियमितताओं के पर्याप्त तथ्य पेश किए हैं, इसलिए मामला मेरिट पर सुनवाई योग्य है.



कांकेर संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित सांसद भोजराज नाग के खिलाफ कांकेर निवासी बिरेश ठाकुर ने 18 जुलाई 2024 को चुनाव याचिका दायर की थी. इसमें उन्होंने 2024 लोकसभा चुनाव परिणाम रद्द करने, कई बूथों की पुनः मतगणना और 15 मतदान केंद्रों पर पुनः मतदान की मांग की थी. याचिका में आरोप है कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी व छेड़छाड़, वोटिंग डेटा के प्रसारण में देरी और वोटों की गिनती में गंभीर अनियमितताएं हुईं. कई मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान और गई. गिनती की मांग की याचिकाकर्ता ने गोंडरदेही, डोंडी लोहारा और कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों के बूथों पर वोटों के अंतर और डेटा ट्रांसमिशन में हेरफेर की आशंका जताई है.

## मुठभेड़ में जवानों ने 2 नक्सलियों को किया ढेर, मौके से शव और हथियार बरामद



**जगदलपुर/बीजापुर,** 12 सितम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है. इस मुठभेड़ में जवानों ने 2 नक्सलियों को ढेर कर बड़ी सफलता हासिल की है. बासागुड़ा थाना और गंगालूर थाना की सीमा पर दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है. बीजापुर एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने इसकी पुष्टि की है.

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह से जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. इस मुठभेड़ में जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है. इलाके में अभी रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है. जवानों ने मौके से मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार

## नेपाल में सुशीला कार्की का पीएम बनना लगभग तय

### हिंसा में मरने वालों का आंकड़ा 51 पहुंचा



**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (न्यूज चैनल)। नेपाल में हिंसा में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 51 पहुंच गया है। विरोध प्रदर्शन के 5वें दिन 17 मौतों की पुष्टि हुई है। इनमें गाजियाबाद की रहने वाली एक भारतीय महिला भी शामिल है। केपी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे को 48 घंटे हो गए हैं, लेकिन अभी तक अंतरिम प्रधानमंत्री तय नहीं हो सका है। इसपर बातचीत आज सुबह 9 बजे फिर से शुरू हो गई है। कल दिनभर चली चर्चा किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुशीला कार्की को अंतरिम पीएम बनाने पर लगभग सहमति बन गई है, लेकिन मौजूदा संसद को भंग करने या न करने पर चर्चा रुकी हुई है। बातचीत में भाग लेने वाले एक अधिकारी के मुताबिक, राष्ट्रपति पौडेल संसद भंग करने को तैयार नहीं। हालांकि, कार्की ने तर्क दिया है कि पहले संसद को भंग किया जाना चाहिए। क्योंकि संविधान के अनुसार संसद कायम रहते हुए किसी गैर-सांसद (जो संसद का सदस्य न हो) को प्रधानमंत्री नहीं बनाया जा सकता।

## नाबालिग छात्रा पर ब्लेड से जानलेवा हमला, मामूली झगड़े ने ले लिया खौफनाक रूप

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (न्यूज चैनल)। राजधानी के रोहिणी इलाके में एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है, जिसने स्कूलों में बढ़ती हिंसा और बच्चों में पनपते गुस्से पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां 15 साल की छात्रा पर उसकी ही क्लासमेट और बाहरी लड़कियों के ग्रुप ने ब्लेड से हमला कर दिया। मामूली विवाद की शुरुआत से जन्मी यह घटना अब पूरे इलाके में सनसनी मचा रही है।

9 अगस्त को टीचर डे सेलिब्रेशन के बाद हुए झगड़े की कड़वाहट इतनी बढ़ गई कि अमन विहार थाने के पास घर लौट रही पीड़िता पर अचानक ब्लेड से हमला कर दिया गया। चेहरे और कमर पर गहरे घाव लगने के बाद पीड़िता को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 50 से अधिक टांके लगाए। फिलहाल पीड़िता की हालत स्थिर बताई जा रही है।

वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई, जिसमें साफ दिख रहा है कि पहले कहासुनी हुई और फिर हमला। पुलिस ने हमलावर छात्राओं की उम्र 14 से 15 साल बताई है। हमले का मकसद स्कूल में हुए विवाद का बदला लेना था। पीड़िता के परिवार का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और देरी से स्नढ्ढक्र दर्ज की। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले को दबाने और धमकाने की कोशिश की।




चूहा- सुनती हो, राहुल गांधी कह रहे हैं कि जब हाइड्रोजन बन आएगा तो सब साफ हो जाएगा।

चुहिया- हां जी, लेकिन हमारे यहां तो जनता का स्वच्छता अभियान बहुत पहले से चल रहा है...!

## पति-पत्नी और दो बच्चों की हत्या की गुत्थी, हत्याकांड के पीछे पैतृक जमीन! बरामद हथियार और रिश्तेदारों पर जांच का फोकस



**रायगढ़,** 12 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के राजीव नगर में पूरे परिवार की हत्या के मामले ने पूरे जिले को दहला दिया है। चार लाशें, घर में दबे शव और खून के धब्बों के बीच अब पुलिस ने जांच का दायरा और गहरा कर दिया है। इस वारदात के पीछे की कहानी धीरे-धीरे सामने आ रही है और अब कई नए एंगल पुलिस के सामने हैं। बता दें कि घर की बाड़ी में जिन परिवार के चार सदस्यों की लाश मिली है, उनमें पति, पत्नी और उनके दो बच्चों के शव शामिल हैं। खरसिया थाना क्षेत्र में हुए इस सनसनीखेज हत्याकांड को सुलझाने के लिए पुलिस ने तीन जांच टीमों का गठन किया है। हर टीम अलग-अलग पहलू पर काम कर रही है— वारदात में इस्तेमाल हथियारों की फॉरेंसिक जांच, रिश्तेदारों से पूछताछ, जमीन विवाद और आर्थिक लेन-देन की छानबीन, मौके से मिले हथियार। घर से बरामद हुए हथियारों की लिस्ट भी कम चौंकाने वाली नहीं है। पुलिस ने घटनास्थल से राड़, हसिया, फावड़ा, गैती और कुल्हाड़ी बरामद किए हैं। शुरुआती शक है कि इन्हीं औजारों से हत्या को अंजाम दिया गया।

वारदात के बाद पुलिस ने मृतक परिवार के दो से तीन रिश्तेदारों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। जांच टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या परिवार के अंदरूनी विवाद या रिश्तों की खटास इस वारदात की वजह हो सकती है। मामले में जमीन का विवाद बड़ा एंगल बनकर सामने आया है। मृतक बुधराम ने महज चार दिन पहले ही घरघोड़ा की पैतृक जमीन एक उद्योग को दी थी। इसके बदले उसे 5 लाख रुपये मिल चुके थे और बाकी रकम मिलना बाकी था। पुलिस इस पहलू की बारीकी से जांच कर रही है कि कहीं इसी लेन-देन ने तो इस खून-खराबे को जन्म नहीं दिया।

वारदात के बाद से राजीव नगर में सन्नाटा पसरा है। पड़ोसी कहते हैं कौन इतना बेरहम हो सकता है जो पूरे परिवार को मौत के घाट उतार दे और शवों को घर के आंगन में दबा दे? खरसिया का यह हत्याकांड अब जमीन विवाद, पारिवारिक रिश्तों और आपसी रंजिश के बीच उलझा हुआ है। पुलिस की जांच से हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। अब सबकी नजर इसी पर टिकी है कि आखिर इस खूनी खेल का असली मास्टरमाइंड कौन है?

CMYK